दिनांकः 30.11.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें
- प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया के तहत 88 प्रतिशत वोटरों की मैपिंग पूरीं
- राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता जताते हुए राज्य सरकार को विभिन्न विभागों की संयुक्त कमेटी बनाने के आदेश दियें
- राज्य में शेखावाटी अंचल सहित कुछ स्थानों पर शीतलहर और कोहरे का असर–कल से तापमान में और गिरावट की संभावनां

.........................................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कडी होगीं यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगां इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूटयूब चैनलों पर भी किया जाएगां आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण करेगां

.........................................................................................

डीजीपी और आईजी का अखिल भारतीय सम्मेलन आज सम्पन्न हो जाएगां रायपुर में चल रहे इस सम्मेलन की अध्यक्षता प्रधानमंत्री श्री मोदी कर रहे हैं सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि पहले दिन के सम्मेलन में भारतीय सुरक्षा व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श हुआं इस सम्मेलन से राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ व्यवहार और नवाचार साझा करने का महत्वूपर्ण मंच मिला हैं प्रधानमंत्री उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्रदान करेंगें केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, गृह राज्य मंत्री और विभिन्न राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों और केन्द्रीय पुलिस संगठनों के पुलिस महानिदेशक इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं "विकसित भारत सुरक्षा के आयाम" विषय पर ये सम्मेलन हो रहा हैं

.........................................................................................

संसद के कल से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र से पहले आज सरकार ने नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई हैं सत्र के सुचारू संचालन और सभी राजनीतिक दलों के बीच सहयोग और तालमेल बढ़ाने के मकसद से ये बैठक बुलाई गई हैं संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू संसद के दोनों सदनों के राजनीतिक दलों के फ्लोर लीडर्स से मिलेंगें 19 दिसम्बर तक चलने वाले इस सत्र की 15 बैठकें होंगीं इस दौरान कई जरूरी कानूनों पर चर्चा की उम्मीद है और इसके साथ ही उन्हें पारित करवाने के लिए भी सदन में रखा जाएगां इनमें एटॉमिक एनर्जी बिल 2025, इंश्योरेंस लॉज़ संशोधन बिल, हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ़ इंडिया बिल 2025 और नेशनल हाईवेज़ संशोधन बिल शामिल हैं

.........................................................................................

प्रदेश में चल रही मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया के तहत 88 प्रतिशत वोटरों की मैपिंग पूरी हो चुकी हैं इस तरह अब 88 प्रतिशत मतदाताओं को किसी भी तरह के दस्तावेज पेश करने की जरूरत नहीं रहेगीं मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि राज्य में कुल 5 करोड़ 46 लाख 56 हजार गणना फॉर्म्स में से 5 करोड़ 9 लाख से ज्यादा प्रपत्र ईसीआई नेट पर अपलोड किये जा चुके हैं

सलूम्बर जिला एसआईआर प्रक्रिया में डिजिटाइजेशन का काम सौ फीसदी पूरा कर राज्य में अव्वल हैं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश मीना ने पूरी एसआईआर टीम को इस राष्ट्रीय महत्व के निर्वाचन कार्य को तत्परता से सम्पन्न करने पर बधाई दी हैं

..............................................................................

प्रदेश के 18 हजार से अधिक पोलिंग बूथों पर बीएलओ ने शत–प्रतिशत काम पूरा कर लिया हैं पोलिंग बूथ पर सौ प्रतिशत काम पूरा करने में बाड़मेर जिला अव्वल हैं जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने बताया कि जिले में अब तक कुल 1 हजार 407 पोलिंग स्टेशनों पर ये उपलब्धि हासिल की जा चुकी हैं

..............................................................................

राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर चिंता जताई हैं इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को शिक्षा, गृह, सामाजिक अधिकारिता विभाग तथा डीओआईटी की संयुक्त कमेटी बनाने के आदेश दिये हैं ये कमेटी साइबर अपराधों के पैटर्न, कारण और रोकथाम के लिए किये जा रहे प्रयासों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगीं अदालत ने शिक्षण संस्थाओं में साइबर जागरुकता मॉडल लागू करने को कहा हैं इसमें अभिभावकों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के लिए काउंसलिंग देना भी शामिल हैं

..............................................................................

प्रदेश में शेखावाटी अंचल सहित कुछ स्थानों पर शीतलहर का असर बना हुआ हैं वहीं हनुमानगढ़, अजमेर, भरतपुर, जैसलमेर और चूरू में हल्का कोहरा देखने को मिल रहा हैं चूरू में सर्द हवाएं ठंड का अहसास बढ़ा रही हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जगह–जगह लोग अलाव तापते नजर आ रहे हैं

..............................................................................

मौसम विभाग ने अगले दो–तीन दिनों में तापमान में गिरावट के आसार जताये हैं इसके असर से कई स्थानों पर शीतलहर की संभावना हैं शेखावाटी क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 4 से 5 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज होने का पूर्वानुमान हैं

..............................................................................

प्रदेश में हो रहे मौसम में हो रहे बदलाव और सर्दी का असर बढ़ने के साथ ही पशुपालन विभाग ने सभी जिलों को एडवाइजरी जारी की हैं इसके अनुसार सर्दी के मौसम में पशुओं में रोगों की रोकथाम और अन्य सुरक्षात्मक उपायों के लिए उचित प्रबंधन करने को कहा गया हैं पशुपालन मंत्री श्री कुमावत ने बताया कि पशुधन में रोगों से बचाव के लिए मोबाइल चिकित्सा दलों को तत्परता से काम करना होगां इसके अलावा वैक्सीन और ताप संवेदी औषधियों की गुणवत्ता बनाये रखने के लिए कोल्ड चैन संधारण का भी पूरा ध्यान रखा जाएं

..............................................................................

राज्य सरकार ने पिछले वित्तीय वर्ष क्रमोन्नत हुए 14 पशु चिकित्सालयों के नये भवन निर्माण के लिए साढे 26 करोड़ रुपये की मंजूरी दी हैं पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि इस राशि से बहरोड़, ब्यावर, केकड़ी, बायतू, सिवाना, शिव सहित अन्य स्थानों पर बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालयों के नये भवन बनाये जाएंगें

..............................................................................

राज्य में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धा हैं इनकी कालाबाजारी और अवैध भंडारण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही हैं कृषि आयुक्त चिन्मयी गोपाल ने कल जयपुर से वीसी के जरिये बैठक लीं उन्होंने बताया कि प्रदेश में 1 लाख 88 हजार मीट्रिक टन यूरिया का स्टॉक उपलब्ध हैं कृषि विभाग की ओर से उर्वरकों की दैनिक उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और प्रदेशभर में पारदर्शिता के साथ इनका वितरण किया जा रहा हैं
इस बीच, चित्तौडगढ में कल कृषि विभाग ने विभिन्न स्थानों पर उर्वरक विक्रेताओं के यहां औचक निरीक्षण कियां इस दौरान मांगरोल में एक गोदाम से मिलावटी यूरिया के 420 बैग जब्त किये गये और कई नामी कम्पनियों के खाली बैग जब्त कियें

..............................................................................